बन्धनमुक्त आत्मा की निशानियाँ

जो भी यहाँ बैठे हैं वह सभी अपने को बन्धनमुक्त आत्मा समझते हैं अर्थात् सभी बन्धनमुक्त बने हैं वा अभी तक कोई-न-कोई बन्धन है? शक्तिसेना बन्धनमुक्त बनी है? जो समझते हैं कि सर्व बन्धनमुक्त बने हैं वह हाथ उठायें। सर्विस के कारण निमित्त मात्र रहे हुए हैं, वह दूसरी बात है। लेकिन अपना बन्धन खत्म किया है। ऐसे समझते हैं कि अपने रूप से बन्धनमुक्त होकर के सिर्फ निमित्त मात्र सर्विस के कारण इस शरीर में कर्त्तव्य अर्थ बैठे हुए हैं। (मैजारिटी ने हाथ उठाया) जिन्होंने भी हाथ उठाया वह कभी संकल्पमात्र भी संकल्प वा शरीर के, परिस्थितियों के अधीन वा संकल्प में थोड़े समय के लिए भी परेशानी वा उसका थोड़ा भी लैसमात्र अनुभव करते हैं वा उससे भी परे हो गये हैं? जब बन्धनमुक्त हैं तो मन के वश अर्थात् व्यर्थ संकल्पों के वश नहीं होंगे। व्यर्थ संकल्पों पर पूरा कन्ट्रोल होगा। परिस्थितियों के वश भी नहीं होंगे। परिस्थितियों का सामना करने की सम्पूर्ण शक्ति होगी। जिन्होंने हाथ उठाया वह ऐसे हैं? तो इन बन्धनों में भी अभी बंधे हुए हैं ना। जो बन्धनमुक्त होगा उनकी निशानी क्या होगी? जो बन्धनमुक्त होगा वह सदैव योगयुक्त होगा। बन्धनमुक्त की निशानी है योगयुक्त। और जो योगी होगा ऐसे योगी का मुख्य गुण कौन सा दिखाई देगा? जान-बूझकरके बुद्धि का खेल कराते हैं। तो ऐसे योगी का मुख्य गुण वा लक्षण क्या होगा? जितना योगी उतना सर्व का सहयोगी और सर्व के सहयोग का अधिकारी स्वत:ही बन जाता है। योगी अर्थात् सहयोगी। जो जितना योगी होगा उतना उसको सहयोग अवश्य ही प्राप्त होता है। अगर सर्व से सहयोग प्राप्त करना चाहते हो तो योगी बनो। योगी को सहयोग क्यों प्राप्त होता है? क्योंकि बीज से योग लगाते हो। बीज से कनेक्शन अथवा स्नेह होने के कारण स्नेह का रिटर्न सहयोग प्राप्त हो जाता है। तो बीज से योग लगाने वाला, बीज को स्नेह का पानी देने वाला सर्व आत्माओं द्वारा सहयोग रूपी फल प्राप्त कर लेता है। जैसे साधारण वृक्ष से फल की प्राप्ति के लिए क्या किया जाता है? वैसे ही जो योगी है उसको एक-एक से योग लगाने की आवश्यकता नहीं होती। एक-एक से सहयोग प्राप्त करने की आशा नहीं रहती। लेकिन एक बीज से योग अर्थात् कनेक्शन होने के कारण सर्व आत्मायें अर्थात् पूरे वृक्ष के साथ कनेक्शन हो ही जाता है। तो कनेक्शन का अटेन्शन रखो। तो सहयोगी बनने के लिए पहले अपने आप से पूछो कि कितना और कैसा योगी बना हूँ? अगर सम्पूर्ण योगी नहीं तो सम्पूर्ण सहयोगी नहीं बन सकते। न सहयोग मिल सकता है। कितनी भी कोई कोशिश करे परन्तु बीज से योग लगाने के सिवाए कोई पत्ते अर्थात् किसी आत्मा से सहयोग प्राप्त हो जाये, यह हो नहीं सकता। इसलिए सर्व के सहयोगी बनने वा सर्व का सहयोग लेने के लिए सहज पुरुषार्थ कौन-सा है? बीज रूप से कनेक्शन अर्थात् योग। फिर एक-एक से मेहनत कर प्राप्त करने की आशा समाप्त हो जायेगी, मेहनत

से छूट जायेंगे। शार्टकट रास्ता यह है। अगर सर्व का सहयोगी, सदा योगयुक्त होंगे तो बन्धमुक्त भी जरूर होंगे क्योंकि जब सर्व शक्तियों का सहयोग, सर्व आत्माओं का सहयोग प्राप्त हो जाता है तो ऐसी शक्तिरूप आत्मा के लिए कोई बन्धन काटना मुश्किल होगा? बन्धनमुक्त होने के लिए योगयुक्त होना है। और योगयुक्त बनने से स्नेह और सहयोग युक्त बन जाते हैं। तो ऐसे बन्धनमुक्त बनो। सहज-सहज करते भी कितना समय लग गया है।

ऐसी स्थिति अब ज़रूर होनी चाहिए। जो बन्धनमुक्त की स्थिति सुनाई कि शरीर में रहते हुए सिर्फ निमित्त ईश्वरीय कर्त्तव्य के लिए आधार लिया हुआ है। अधीनता नहीं। निमित्त आधार लिया है। जो निमित्त आधार शरीर को समझेंगे वह कभी भी अधीन नहीं बनेंगे। निमित्त आधारमूर्त ही सर्व आत्माओं के उद्धारमूर्त बन सकते हैं। जो स्वयं ही अधीन हैं वह उद्धार क्या करेंगे इसलिए सर्विस की सफलता भी इतनी है जितनी अधीनता से परे हरेक है। तो सर्व की सफलता के लिए सर्व अधीनता से परे होना बहुत जरूरी है। इस स्थिति को बनाने के लिए ऐसे दो शब्द याद रखो जिससे सहज ही ऐसी स्थिति को पा सको। वह कौन से दो शब्द हैं? जब बन्धनमुक्त हो जायेंगे तो जैसे टेलीफोन में एक दो का आवाज़ कैच कर सकते हैं, वैसे कोई के संकल्प में क्या है, वह भी कैच करेंगे। अभी अजुन बन रहे हो इसलिए सोचना पड़ता है। दो शब्द हैं – एक साक्षी और दूसरा साथी। एक तो साथी को सदैव साथ रखो, दूसरा साक्षी बनकर हर कर्म करो। तो साथी और साक्षी ये दो शब्द प्रैक्टिस में लाओ तो यह बन्धनमुक्त की अवस्था बहुत जल्दी बन सकती है। सर्वशक्तिमान का साथ होने से शक्तियाँ भी सर्व प्राप्त हो जाती हैं। और साथ-साथ साक्षी बनकर चलने से कोई भी बन्धन में फंसेंगे नहीं। तो बन्धनमुक्त होने के लिए ये दो शब्द सदैव याद रखना। योग और सहयोग, दोनों बातें आ गई। अब ऐसा पुरुषार्थ कितने समय में करेंगे? बिल्कुल बन्धनमुक्त हो करके साक्षीपन में निमित्तमात्र इस शरीर में रहकर कर्त्तव्य करना है। अभी इस वारी यह अपने आपसे संकल्प करके जाना क्योंकि आप (टीचर्स) लोगों को सहज भी है। टीचर्स को विशेष सहज क्यों है? क्योंकि आपका पूरा जीवन ही निमित्त है। समझा। टीचर्स हैं ही निमित्त बने हुए। तो आपको यह संकल्प रखना है कि इस शरीर में भी हम निमित्तमात्र हैं। यह तो सहज होगा ना। इन (गोपों) लोगों को तो फिर डबल ज़िम्मेवारी है इसलिए इन्हों को युद्ध करनी पड़ेगी हटाने की। बाकी जो हैं ही निमित्त बने हुए तो उन्हों के लिए सहज है। आप (माताओं) के लिए फिर सहज क्या है? जैसे उन्हों को इस विशेष बात के कारण सहज है वैसे आप लोगों को भी एक बात के कारण सहज है। जो प्रवृत्ति में रहते हैं उन्हों के लिए सहज बात इसलिए है कि उन्हों के सामने सदैव कान्ट्रास्ट है। कान्ट्रास्ट होने के कारण निर्णय करना सहज हो जाता है। निर्णय करने की शक्ति कम है इसलिए सहज नहीं भासता है। एक बार जब अनुभव कर लिया कि इससे प्राप्ति क्या है फिर निर्णय हो ही जाता है। ठोकर का अनुभव एक बार किया तो फिर बार-बार थोड़ेही ठोकर खायेंगे। निर्णयशक्ति कम है तो फिर मुश्किल भी हो जाता है। तो

यह प्रवृत्ति में अथवा परिवार में रहते हैं, उनके अनुभवी होने के कारण, सामने कान्ट्रास्ट होने के कारण धोखे से बच जाते हैं। जो वरदान के अधिकारी बन जाते हैं वह किसके अधीन नहीं होते। समझा। तो अब अधीनता समाप्त अधिकार शुरू। कब कोई अधीनता का संकल्प भी न आये। ऐसा पक्का निश्चय है? निश्चय में कभी परसेन्टेज नहीं होती है। शक्ति सेना ने अपने में क्या धारणा की? जब स्नेह और शक्ति समान होंगे फिर तो सम्पूर्ण हो ही गये। अपने शूरवीर रूप का साक्षात्कार किया है? शूरवीर कभी किससे घबराते नहीं। लेकिन शूरवीर के सामने आने वाले घबराते हैं। तो अभी जो शूरवीरता का साक्षात्कार किया सदैव वही सामने रखना। और आज जो दो शब्द सुनाये वह सदैव याद रखना। अच्छा।

वरदान:- प्राप्ति स्वरूप बन क्यों, क्या के प्रश्नों से पार रहने वाले सदा प्रसन्नचित भव

जो प्राप्ति स्वरूप सम्पन्न आत्मायें हैं उन्हें कभी भी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होगा। उसके चेहरे और चलन में प्रसन्नता की पर्सनैलिटी दिखाई देगी, इसको ही सन्तुष्टता कहते हैं। प्रसन्नता अगर कम होती है तो उसका कारण है प्राप्ति कम और प्राप्ति कम का कारण है कोई न कोई इच्छा। बहुत सूक्ष्म इच्छायें अप्राप्ति के तरफ खींच लेती हैं, इसलिए अल्पकाल की इच्छाओं को छोड़ प्राप्ति स्वरूप बनो तो सदा प्रसन्नचित रहेंगे।

स्लोगन:-

परमात्म प्यार में लवलीन रहो तो माया की आकर्षण समाप्त हो जायेगी।

ओम् शान्ति 13-7-09 मधुबन

''टीचर्स बहिनों के प्रथम ग्रुप में प्राणप्यारे अव्यक्त बापदादा का मधुर सन्देश'' (दादी गुल्जार)

आज अमृतवेले बापदादा के पास आप सबका यादप्यार और उमंग-उत्साह का समाचार लेते बाबा के साथ दूर से दृष्टि लेतें, दृष्टि में समाते हुए सम्मुख पहुंच गई। बाबा ने अपने हृदय में समा लिया और बहुत शक्तिशाली रूप से मिलन मना रहे थे। कुछ समय तो ऐसे लगा जैसे मैं भी शक्ति स्वरूप के अनुभव में मास्टर सर्वशक्तिवान स्थिति के अनुभव में खो गई। कुछ समय के बाद बाबा बोले, बच्ची बाप समान बनने वाले मेरे सर्विसएबुल बच्चे और साथियों का क्या समाचार लाई हो? तो मैं बोली बाबा इस भट्ठी में तो सबके दिल में परिवर्तन-परिवर्तन का ही साज बज रहा है, सब बहुत हिम्मत से कह रहे हैं कि अभी बदलना ही है। बाबा सुनते हुए बोले, बच्चे अब तो समय और प्रकृति की भी यही पुकार है कि हे परिवर्तन के आधारमूर्त, उद्धारमूर्त अब को कब नहीं करो। रहम करो, कृपा करो, क्या यह दु:ख की पुकार बच्चों

को सुनने नहीं आती? बच्चों ने हिम्मत तो अच्छी रखी है। बापदादा खुश है लेकिन आगे चलते हिम्मत के साथ उमंग-उत्साह भी साथ रहे क्योंकि उमंग-उत्साह ही फरिश्ते स्वरूप के पंख हैं। जहाँ उमंग-उत्साह है, हिम्मत है वहाँ कोई भी समस्या समाधान के रूप में बदल जाती है इसीलिए अब एकाग्रता और दृढ़ता की शक्ति से विशेष चारों ओर निर्विघ्न शान्ति का वायुमण्डल फैलाओ। साथ-साथ अपने अपने सेवास्थान पर कोई भी छोटी मोटी बात आती भी है तो एक दो को शुभभावना, शुभकामना का सहयोग दे समय और संकल्प को सफल करो और कराओ। एक दो को हिम्मत के पंख लगाए उड़ो और उड़ाते रहना। एक दो को सदा कोई न कोई गुण की गिफ्ट देते रहना और लेते रहना, साथ साथ सदा अपने चार खाते देखते रहना – एक शुभ संकल्प का खाता, दूसरा सेवा का खाता और तीसरा सुख देने का खाता, चौथा - दुआओं का खाता और सदा यही ख्याल रहे कि समय, संकल्प और स्थूल धन कितना सफल किया और कितना सफल कराया? क्योंकि सफल करने से ही सफलतामूर्त बन जायेंगे।

उसके बाद बाबा ने कहा कि बच्चों ने जो अपने से वायदा किया है, तो जो वायदा करते हैं, हिम्मत रखते हैं उनको बल और फल मिलता है। तो आज मैं बच्चों को उसका फल देता हूँ, फल क्या दिया? तो बाबा ने कहा आज बच्चों को वतन के बगीचे की सैर कराता हूँ। तो आप सभी बड़े उमंग-उत्साह से वतन में इमर्ज हो गये। बाबा आगे आगे चले और हम सभी बाबा के पीछे पीछे थे। बीच बीच में बाबा खड़ा करके वरदान का हाथ ऐसे करता था फिर उसके बाद बाबा ने कहा अच्छा बच्चे बगीचे के फल खा लो। तो सभी फल तोड़कर ले आये, बाबा ने सबको बगीचे में बिठा दिया और पूछा कि आप सबने सूक्ष्मवतन का फल खाकर देखा है! वह फल इतने नर्म थे जो आपको काटने की जरूरत नहीं, तो सभी ने बहुत प्यार से फल खाये। फिर बाबा ने सबको बगीचे में बिठा दिया और कहा बच्ची जैसे आपने चार दिन विशेष नुमाशाम के समय योग की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं का अनुभव किया, ऐसे रोज़ 7 से 7.30 या 8.00 बजे तक यह मन की ड्रिल जरूर करना, इससे आप में शक्ति भरेगी। जैसे शरीर की ड्रिल से शक्ति आती है वैसे इसमें भी शक्ति भरेगी। फिर बाबा ने कहा बच्चों ने 4 दिन विशेष भट्ठी की है तो इन्हों को सौगात क्या देंगी? हमने कहा बाबा आप तो एक सेकण्ड में सौगातें इमर्ज कर देते हो, तो बाबा ने आज हमारे ग्रुप को बहुत एकस्ट्रा सौगात दी। सौगात क्या थी! बहुत बड़े बड़े सफेद हीरे इमर्ज हो गये, जिसमें ब्रह्मा बाबा और ऊपर शिवबाबा का चित्र बहुत सुन्दर चमक रहा था। तो बाबा ने यह सौगातें इमर्ज की और कहा आज मैं एक एक बच्चे को हाथ से सौगात दूंगा। बाबा को बच्चों की हिम्मत पर प्यार है तो बाबा ने कहा जो 20 से 40-50 वर्ष की हैं वह पहले आवें। तो बाबा ने ऐसे एक एक को अपनी बांहों में समाते हुए अपने हाथों से सबको सौगात दी, फिर सबको बहुत स्नेह की दृष्टि वा यादप्यार देते, हिम्मत उमंग का वरदान देते हुए मुझे साकार वतन में भेज दिया। अच्छा - ओम् शान्ति।